7 दिवसीय शिविर का समापन

कलायत : स्वयंसेविकाओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य, उप-प्राचार्य व कार्यक्रम अधिकारी। (छाया : निर्मल)

कलायत, 22 फरवरी (बीरभान निर्मल): श्रीकपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आज समापन हो गया। समापन समरोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जहां कालेज प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने शिरकत की वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डा. रामजुआरी द्वारा की गई जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर कुलदीप कुमार ने शिरकत की। आज के कार्यक्रम की शुरूआत स्वयंसेविकाओं ने कालेज परिसर में श्रमदान के साथ की। श्रमदान के पश्चात समापन समारोह का आयोजन किया गया। कालेज प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इन 7 दिनों में जो समाजसेवा का कार्य आपने किया है उसी यहीं तक सीमित नहीं रखना बल्कि इसे आगे भी जारी रखते हुए लोगों को भी प्रेरित करना।

इस दौरान उन तीन छात्राओं को भी विशेष तौर पर सम्मानित किया जिन्होंने पूरे शिविर के दौरान विशेष कार्य करने का कार्य किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुछ स्वयंसेविकाओं ने स्वयं द्वारा रचित कविता वाचन कर एन.एस.एस. कार्यक्रम के बारे में बताया, वहीं कुछ छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के गीतों पर नृत्य किए। इस अवसर पर कालेज उप प्राचार्य शीशपाल बेदी सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।